प्रभात खबर


आसनसोल

कोलकाता, शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2013

सूर्यास्त (आज) 16.57 बजे

सूर्योदय (कल) 06.12 बजे

तिथि- तृतीया रात्रि 07.49 पर्यंत, उपरांत चतुर्थी. पक्ष-कृष्ण. मास-पौष. विक्रम संवत-2070. शक संवत-1935. हिजरी तारीख- 16. महीना- सफर. वर्ष-1435. नानकशाही दिनांक-06, महीना-पोह. वर्ष-545. बांग्ला -1420, ता-05.



**सूर्योदयकालीन नक्षत्र**

पुष्य समस्त दिवा रात्रि पर्यंत, उपरांत अश्लेषा नक्षत्र. ऐंद्र योग.

**आकाशीय ग्रह स्थिति**

चंद्रमा कर्क राशि में विराजमान है.

**कब करें खरीदारी**

प्रातः 07.00 बजे से संध्या 03.00 बजे पर्यंत.

**शुभाशुभ ज्ञानम्**

शुभ अंक-05, 09, 01. शुभ रंग - लाल, गुलाबी, पीला.

**दिशाशूल**

पश्चिम व नैऋत्य (द.पू.) दिशा की यात्रा वर्जित है. आवश्यकता हो, तो दही ग्रहण कर यात्रा करें.

**राहुकाल**

दिवा 10.30 से 12.00 बजे पर्यंत.

**चौघड़िया मुहूर्त**

चर : 6.47 से 8.17 बजे पर्यंत. लाभ : 8.18 से 9.48 बजे पर्यंत. अमृत : 9.49 से 11.19 बजे, पर्यंत. शुभ : 12.51 से 2.51 बजे पर्यंत.

**आज जन्मे बच्चों के नाम**

| नक्षत्र | चरण | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|
| पुष्य | 1 | कर्क | हु |
| पुष्य | 2 | कर्क | हे |
| पुष्य | 3 | कर्क | हो |
| पुष्य | 4 | कर्क | डा |

# वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से मिले विद्यार्थी

**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल, आसनसोल ने गुरुवार को छात्र-छात्राओं को ढाकेश्वरी स्थित प्रांतिक वृद्धाश्रम ले जाकर आश्रम के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया. स्कूल सह सिमफोनी फाउंडेशन के संचालक प्रतीक गोयनका की देखरेख में यह कार्य संपन्न किया. उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट पिछले नौ वर्षों से गुजरात में समाजमूलक कार्यक्रम कर रहा है. विश्व विकलांग दिवस पर आनंदम के बच्चों में मिठाइयां व पाठन सामग्रियां बांटी गई थीं. शुद्ध वातावरण के लिए वहां पौधारोपण किया गया था. अगले सप्ताह अनाथालय में बच्चों को कपड़े एवं मिठाइयां दी जायेंगी.



कार्यक्रम में डीपीएस की उपप्रधानाध्यापिका विदिशा चटर्जी एवं स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाएं भी शामिल थे. बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक करना स्कूल का उद्देश्य है.